# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रा०),

## सिद्धार्थनगर

Mob No-9473942704 Email ID- upjnrsiddharthnagar@upjn.co.in

पत्रांक 1422 / डब्लू–18 / 481 दिनांक 03.08.2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः— **दिनांक 02.08.2026 को दैनिक भास्कर में सुपौली पाइप पेयजल योजनान्तर्गत प्रकाशित नकारात्मक खबर के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 02.08.2026 को समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन सुपौली में 6 माह से टंकी निर्माण : सिद्धार्थनगर में लाखों खर्च के बाद भी ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सुपौली पाइप पेयजल योजना का कार्य जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम अन्तर्गत मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। उक्त पेयजल योजना में नलकूप 100 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 95 प्रतिशत, सोलर 100 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 65 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 90 प्रतिशत, एवं गृह संयोजन 346 नग के सापेक्ष 280 नग का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। दिनांक 03.08.2026 को खण्ड के जूनियर इंजीनियर श्री ज्योतिष चौधरी एवं फर्म के इंजीनियर श्री पवन की उपस्थिति में योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित फर्म के इंजीनियर श्री पवन द्वारा यह अवगत कराया है कि पूर्व में उक्त पेयजल योजना से सीघे नलकूप से जलापूर्ति की जाती थी, परन्तु लीकेज इत्यादि के कारण जलापूर्ति बाधित है। फर्म द्वारा यह आश्वस्त किया गया है कि उक्त पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय के जिंक एलम का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ कराया जायेगा एवं सीधें नलकूप से 15 दिवस के अन्दर लीकेज मरम्मत कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

यद्यपि एन0जे0जे0एम0 द्वारा प्रदेय समयावधि के अनुसार योजना को पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य दिसम्बर–2027 तक निर्धारित है परन्तु फर्म को उक्त पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को अक्टूबर 2026 तक पूर्ण कराने हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित कर दिया गया है।

संलग्नकः— फोटोग्राफ।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः—**

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2— जिलाधिकारी, महोदय, सिद्धार्थनगर।
3— मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
4— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
5— जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
6— चीफ ब्यूरों, दैनिक भास्कर, सिद्धार्थनगर।
7— श्री अमर बहादुर, सहायक अभियन्ता।/ श्री ज्योतिष चौधरी, जू0इं0।
8— मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग, सिद्धार्थनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner